Aqua Alarm

Wired low and full water-level alarm

See when your tank needs a refill and hear when it is full. The indoor unit reads three brass sensors in the tank. Blue marks the normal water level, a blinking red light and beeps tell you the water is low, and green with a continuous alarm means the tank is full. You start or stop the pump yourself.

Your pack


Indoor alarm unit, sensor hub, three brass sensor tips and a two-core line between the alarm and the hub. The supplied alarm-to-hub PVC line is 1 m long and extendable. Two AA cells are included.

Safety before use

1. Use two matching AA cells. Fit them in the marked direction. Replace both together, keep loose cells away from children and do not recharge disposable alkaline cells.
2. Remove the cells before joining or adjusting wires. Keep the indoor unit and cell compartment dry. Never connect the sensor circuit to mains electricity or the pump starter.
3. Fit sensors from a safe access point. Keep joints dry and individually insulated. Stop using damaged equipment. The alarm gives a warning; operate the pump at its own switch.

Pages 2–3: installation, testing and troubleshooting. Hindi begins on page 4.

Install and test



Green · Full, below overflow

Blue · Low threshold

Red · Common base, lowest

Fit the sensors

1. Remove the cells. Keep the alarm indoors where you can hear it. Fix the hub under the tank roof on a clean, dry surface above the full-water level. Use suitable additional fixing if the surface is rough.
2. Hang red lowest, blue at your chosen low-water threshold, and green just below the overflow outlet. Keep tips apart and free of the tank wall. Coil spare lead to adjust the drop.
3. To extend the alarm-to-hub run, join the two-core extension to the transmission line. Match the same conductor at both ends. Insulate each joint separately and keep it dry. Refit the cells and repeat the test from the installed positions.

Check with a cup of water

1. Fill a glass or plastic cup with ordinary tap water. Use tap water for this test rather than RO water. Fit two AA cells as marked. Keep the indoor unit and battery compartment dry.
2. Immerse red and blue together. After about 5 seconds the light should turn blue. Leave both in the water and add green. Look for a green light and a continuous Full alarm.
3. Lift green and blue out, leaving red immersed. The light should blink red and the alarm should beep intermittently. Touch the switch below the LED to mute it.

Using your alarm

What you will see or hear

Blinking red · Water is below blue. The Low alarm mutes after about 20 beeps. Water may still be above the red base; the red light alone does not tell you the tank is empty.

Blue · Water has reached blue but is below green. This is the normal level and the alarm is quiet.

Green · Water has reached the full tip. Stop the pump or close the inlet. The sound mutes after about 45 seconds; the touch switch can mute it earlier.

If something seems wrong

Violet light · Check for a break or loose joint in the transmission line. Yellow light · With cells removed, check that conductor order matches at both ends.

White light · Inspect the sensor tips and leads for damage or deposits. If the glass test still fails, contact Support with the LED colour and model code.

Sensor wires and care

Supplied sensor leads are extendable. Red 160 cm, blue 120 cm and green 40 cm. These hang from the hub. The separate two-core line runs from the hub to the alarm. The base pack has an extendable 1 m two-core PVC line.

Check the alarm before relying on it after a battery change, cable repair or sensor adjustment. Keep tips apart and gently remove deposits. If the water is near overflow and no alert sounds, stop filling at once and repeat the cup test.

Guarantee and support

One-year company guarantee from original delivery. For activation, use the original guarantee QR supplied with the product or contact Support with your order details within 7 calendar days of delivery. 24-hour IVRS: +91 90505 26767. Call or WhatsApp: +91 90505 26125, Mon–Sat, 10 am–6 pm IST. Email: info@swarnjal.com. Share the model code and what happened in the cup test.

एक्वा अलार्म

पानी कम होने और टंकी भरने का तार वाला अलार्म

स्वर्ण जल एक्वा अलार्म बताता है कि टंकी में पानी कब कम हुआ और कब टंकी भर गई। टंकी में लगे तीन पीतल के सेंसर से घर की यूनिट को जानकारी मिलती है। पानी सामान्य हो तो नीली लाइट दिखती है। पानी कम होने पर लाल लाइट के साथ बीप आती है और टंकी भरने पर हरी लाइट के साथ लगातार अलार्म बजता है। मोटर आप अपने स्विच से चलाते और बंद करते हैं।

इस पैक में


घर की अलार्म यूनिट, सेंसर हब, पीतल के तीन सेंसर और यूनिट से हब तक दो-कोर तार। अलार्म और सेंसर हब के बीच की 1 मीटर PVC तार एक्सटेंडेबल है। दो AA सेल साथ मिलते हैं।

इस्तेमाल से पहले सुरक्षा

1. एक जैसे दो AA सेल लगाएँ। + और − के निशान मिलाएँ और दोनों सेल साथ बदलें। खुले सेल बच्चों से दूर रखें। साधारण अल्कलाइन सेल चार्ज न करें।
2. तार जोड़ने या बदलने से पहले सेल निकालें। यूनिट और बैटरी कंपार्टमेंट सूखा रखें। सेंसर तार कभी मेन्स बिजली या मोटर स्टार्टर से न जोड़ें।
3. सेंसर ऐसी जगह से लगाएँ जहाँ पहुँच सुरक्षित हो। हर जोड़ अलग इंसुलेट करें और सूखा रखें। कोई हिस्सा खराब हो तो इस्तेमाल रोकें। अलार्म सुनकर मोटर उसके अपने स्विच से चलाएँ या बंद करें।

पेज 5–6 पर फिटिंग, टेस्ट और खराबी की जाँच दी है। English पेज 1 से शुरू होती है।

फिटिंग और गिलास टेस्ट



हरा • **Full,** ओवरफ्लो से नीचे

नीला • पानी कम होने का स्तर

लाल • बेस, सबसे नीचे

सेंसर कैसे लगाएँ

1. सेल निकालें। अलार्म घर में ऐसी जगह रखें जहाँ उसकी आवाज़ सुनाई दे। टंकी की अंदरूनी छत पर, पानी के सबसे ऊँचे स्तर से ऊपर, साफ़ और सूखी सतह पर हब लगाएँ। सतह खुरदरी हो तो उपयुक्त अतिरिक्त फिक्सिंग करें।
2. लाल टिप सबसे नीचे रखें। नीली टिप उस ऊँचाई पर रखें जहाँ से पानी और घटने पर आपको Low अलार्म चाहिए। हरी टिप ओवरफ्लो पाइप के मुँह से थोड़ा नीचे रखें। सभी टिप अलग और दीवार से दूर रखें। अतिरिक्त तार लपेट लें।
3. हब और अलार्म की दूरी बढ़ाने के लिए दो-कोर एक्सटेंशन को ट्रांसमिशन लाइन में जोड़ें। दोनों सिरों पर एक ही तार का क्रम मिलाएँ। हर जोड़ को अलग से इंसुलेट करके सूखा रखें। सेल लगाएँ और फिटिंग के बाद दोबारा टेस्ट करें।

गिलास में जाँचें

1. काँच या प्लास्टिक के गिलास में नल का साधारण पानी लें। इस टेस्ट के लिए RO पानी न लें। निशान देखकर दो AA सेल लगाएँ। यूनिट और बैटरी कंपार्टमेंट सूखा रखें।
2. लाल और नीली टिप पानी में डालें। लगभग 5 सेकंड में नीली लाइट दिखेगी। दोनों को पानी में रखते हुए हरी टिप भी डुबोएँ। हरी लाइट के साथ लगातार Full अलार्म बजेगा।
3. लाल टिप पानी में रहने दें। हरी और नीली टिप निकालें। लाल लाइट ब्लिंक करेगी और रुक-रुककर बीप आएगी। आवाज़ रोकने के लिए LED के नीचे वाला टच स्विच छुएँ।

अलार्म का इस्तेमाल

लाइट और आवाज़ का मतलब

लाल ब्लिंक · पानी नीली टिप से नीचे है। करीब 20 बीप के बाद आवाज़ बंद हो जाती है। लाल लाइट के समय भी टंकी में कुछ पानी बचा हो सकता है।

नीली लाइट · पानी नीली टिप तक पहुँच चुका है और हरी से नीचे है। यह सामान्य स्तर है और अलार्म शांत रहता है।

हरी लाइट · पानी Full वाली टिप तक पहुँच गया है। मोटर बंद करें या पानी की सप्लाई रोकें। आवाज़ लगभग 45 सेकंड में खुद बंद होती है। पहले रोकने के लिए टच स्विच छुएँ।

अलार्म ठीक से काम न करे तो

बैंगनी लाइट · ट्रांसमिशन तार टूटने या जोड़ ढीला होने की जाँच करें। पीली लाइट · सेल निकालकर देखें कि दोनों सिरों पर तारों का क्रम सही है।

सफ़ेद लाइट · सेंसर और तार पर टूट-फूट या मैल देखें। गिलास टेस्ट फिर भी ठीक न हो तो मॉडल कोड और LED का रंग सपोर्ट को बताएँ।

सेंसर तार और देखभाल

साथ दी गई सेंसर तारें एक्सटेंडेबल हैं। लाल 160 सेमी, नीली 120 सेमी और हरी 40 सेमी। ये हब से टंकी में उतरती हैं। हब से अलार्म तक अलग दो-कोर लाइन जाती है। बेस पैक में यह PVC लाइन 1 मीटर की है और एक्सटेंडेबल है।

सेल बदलने, तार ठीक करने या सेंसर की ऊँचाई बदलने के बाद अलार्म जाँचें। टिप अलग रखें और मैल हल्के हाथ से साफ़ करें। पानी ओवरफ्लो के पास हो और आवाज़ न आए तो तुरंत भराव रोकें और गिलास टेस्ट करें।

गारंटी और सहायता

मूल डिलीवरी की तारीख से 1 साल की कंपनी गारंटी। एक्टिवेशन के लिए डिलीवरी के 7 कैलेंडर दिनों के भीतर उत्पाद के साथ मिले मूल गारंटी QR का उपयोग करें या ऑर्डर विवरण के साथ सपोर्ट से संपर्क करें। 24 घंटे IVRS: +91 90505 26767 कॉल या WhatsApp: +91 90505 26125, सोमवार–शनिवार, सुबह 10 से शाम 6 बजे (IST) ईमेल: info@swarnjal.com अपना मॉडल कोड और गिलास टेस्ट में क्या हुआ, यह बताएँ।